रैली की भव्य तैयारियों को लेकर विशेष बैठक का आयोजन

- 11 अप्रेल को आयोजित होगी जिला स्तरीय फूले-अंबेडकर वाहन रैली
- रैली के आयोजन को लेकर प्रचार-प्रसार, मार्ग, समय निर्धारण, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

झुंझुनूं, । महात्मा ज्योतिबा फूले और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाली भव्य फूले-अंबेडकर वाहन रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए माली सैनी समाज संस्था द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित सैनी मंदिर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने की। बैठक में संस्था के पदाधिकारियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 11 अप्रेल को आयोजित होने वाली वाहन रैली की व्यवस्था और सफलता को सुनिश्चित करना था। रैली के आयोजन को लेकर प्रचार-प्रसार, मार्ग, समय निर्धारण, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समाज कल्याण संस्था के पूर्व जिलाध्यक्ष घड़सीराम सैनी ने रैली के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की और कहा कि हर व्यक्ति को इस रैली में अपनी गाड़ी के माध्यम से भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाना चाहिए। उन्होंने समाज के हर वर्ग से इस रैली में शामिल होने का आ ान किया। बाबा प्रकाश पुरी क्लब के नवनीत सैनी ने भी सभी सामाजिक संगठनों से रैली में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी संगठन का अन्य कार्यक्रम हो, तो उसे रैली के बाद आयोजित किया जाए, ताकि रैली की सफलता में कोई विघ्न न आए। बैठक में महेंद्र शास्त्री ने सभी पदाधिकारियों को रैली के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह रैली महात्मा फूले और डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अवसर है और हमें इसे सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। समाप्ति पर माली सैनी समाज के संरक्षक मुरारी सैनी ने सभी उपस्थित सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से रैली का संदेश फैलाने का आठाह किया और रैली की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास की अपील की। बैठक के अंत में सभी ने इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्प लिया। इस बैठक में सैनी समाज कल्याण संस्थान के संरक्षक राजेंद्र सैनी, सेवानिवृत्त एईएन घड़सीराम सैनी, सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी संस्था के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश धूपिया, माली सैनी समाज संस्था के महामंत्री रतनलाल सैनी, नेता प्रतिपक्ष बुद्धराम सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, परिष्कार स्कूल निदेशक लीलाधर सैनी, प्रधानाचार्य महेंद्र सैनी, सुभाष सैनी, नवनीत सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण हलकारा, संगठन मंत्री कैलाश सैनी पीडब्ल्यूडी, सुभाषचंद्र सैनी, कांशीराम चिड़ावा, ओमप्रकाश राजोरिया, झंडूराम सैनी पकौड़ी ढाणी, चौथमल सैनी, संस्था के सह कोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी, संगठन मंत्री रामवतार सैनी, रामावतार खडोलिया, छगन कुमार सहित अन्य प्रमुख समाजसेवी उपस्थित थे।

राजलदेसर में 47 प्रतिभाओं का किया सम्मान

- विद्यालय की बालिकाओं के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी । राजस्थानी लोकगीतों पर भी शानदार प्रस्तुति दी गयी उपस्थित लोग तालिया बजाने पर मजबूर हो गए ।

राजलदेसर । कस्बे की निजी शिक्षण संस्थान श्री राम उच्च माध्यमिक विद्यालय का 33 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया । आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा , अध्यक्षता दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज , मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोडाराम भादू , नृसिंह गोड़, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत, पूर्व अध्यक्ष भवानी सिंह गोलसर , विद्यालय मार्गदर्शक सुशील शर्मा आदि अतिथियों के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार , सरस्वती माँ, विद्यालय के संस्थापक महावीर प्रसाद शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके व पुष्प अर्पित करके शुभारंभ किया गया । आए हुए अतिथियों का विधालय परिवार की ओर से माला, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया । विद्यालय की बालिकाओं के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी । राजस्थानी लोकगीतों पर भी शानदार प्रस्तुति दी गयी उपस्थित लोग तालिया बजाने पर मजबूर हो गए । विद्यालय में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले प्रथम, द्वितीय तृतीया सहित कुल 47 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । कक्षा10 में 95 अंक प्राप्त करने वाली बालिका ममता जाट को साईकिल दी गयी । इस मौके पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर खुशी महसूस कर रहा हूँ । जैसा नाम है विद्यालय का वैसी शिक्षा है । श्री राम विद्यालय की स्थापना भी राम रामनवमी के दिन हुई थी । उसी प्रकार से बच्चों को अनुशासन ,मर्यादा , संस्कार दिए जा रहे हैं । विद्यालय पढ़ाई में भी अव्वल है जो बहुत गर्व की बात है । इस अवसर पर जीतू राम , डॉ. हीरालाल सोनी, पवन झेंडू , उमाशंकर दाधीच , कैलाश सोनी , राजेंद्र शर्मा , एडवोकेट मनोज शर्मा , अभय सोनी , अजीत सुथार , मुकेश श्रीमाल सहित अनेकों संख्या में विद्यालय स्टाफ, बच्चे व अभिभावक गण उपस्थित रहे । प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा ने आगुन्तको का आभार जताया ।

परिजनों को दी बीमा राशि

झुंझुनूं, । यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैंक के बचत खाता धारक की हादसे में मृत्यु होने पर परिवार को बीमा राशि का चैक सौंपा। बैंक के बचत खाता धारक धर्मपाल स्वामी का दुर्घटना में निधन हो गया था। जैसा की बचत खाताधारक धर्मपाल, जो की रूपे एटीएम कार्ड धारक थे। इस कार्ड की मुख्य विशेषता है कि दुर्घटना में मृत्यु पर मृतक के नॉमिनी को दो लाख रूपए मिलते हैं। जो कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रूपे एटीएम कार्ड के साथ मुफ्त में बीमा के रूप में दिया जाता है। जैसे ही मृतक के नॉमिनी कांता ने बैंक आकर बताया तो बैंक शाखा टोडी ने उनको संबंधित जानकारी दी एवं कागजी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए नॉमिनी कांता को दो लाख रूपए दिलवाएं। आम जनता की जागरुकता को ध्यान में रखते हुए दो लाख रूपए की डीडी का वितरण गुढागौड़जी तहसीलदार कुलदीप भाटी, ऑफिस कानून को जयप्रकाश शर्मा एवं यूनियन बैंक टोडी शाखा प्रबंधक विजय सिंह मीणा द्वारा किया गया।

चिकित्सा अधिकारियों ने किया फील्ड विजिट

- सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सीएचसी मंडावा का किया औचक निरीक्षण

झुंझुनूं, । गर्मी और लू ताप घात के मौसम को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों पर आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओ सहित बीसीएमओ ने विभिन्न चिकित्सा केंद्रों का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने दोपहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावा का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सीएचसी में गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्डों में कूलर पंखे लगाने, खराब कूलर पंखे कुलर एसी को तत्काल ठीक करके शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों सहित पूरी सीएचसी में साफ सफाई रखने, प्रति दिन बैड की चदर बदलने के निर्देश दिए। डॉ. गुर्जर ने बताया कि सभी सभी बीसीएमओ को निर्देश दिए हैं कि वो अपने क्षेत्र में फील्ड विजिट कर सभी संस्थानों पर गर्मी लू ताप घात से निपटने के लिए अलग से वार्ड बनाकर कूलर पंखे एसी चालू हालत में रखने, अस्पताल में ठंडे पानी की व्यवस्था करने आदि के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टाफ को निर्धारित समय पर संस्थानों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उधर, खेतड़ी बीसीएमओ डॉ. हरिश यादव ने ठाठवाड़ी, गौरीर, लोयल का निरीक्षण किया। बीसीएमओ चिड़ावा डॉ. तेजपाल कटेवा ने नूनियां गोठड़ा और बख्तावरपुरा का निरीक्षण किया। बीसीएमओ नवलगढ़ डॉ. प्रहलाद ने सौंथली, बड़वासी और जाखल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीसीएमओ मंडावा डॉ. संजीव डूडी ने पीएचसी चूड़ी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

'पंचायत स्तर पर खड़ा किया जाए कांग्रेस संगठन'

झुंझुनूं, । दिल्ली में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और पंजाब के जिलाध्यक्षों की बैठक को कांठोस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा कांठोस नेता राहुल गांधी ने संबोधित किया। झुंझुनूं जिलाध्यक्ष के तौर पर दिनेश सुंडा ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया।

राजस्थान के जिलाध्यक्षों का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने किया। सुंडा ने इस मौके पर कांठोस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राहुल गांधी को अपने लिखित सुझाव दिए। सुंडा ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व को सुझाव दिया है कि हर ठाम पंचायत स्तर पर कांठोस कमेटी का गठन होना चाहिए। ताकि कांठोस मजबूत हो। उन्होंने अपने सुझावों में बताया है कि अकेले राजस्थान में करीब डेढ लाख पंचायतराज प्रतिनिधि है। इनमें 50 फीसदी महिलाएं है। यदि कांठोस ठाम पंचायत पर कांठोस का संगठन खड़ा करती है। तो हर गांव में हमारे पदाधिकारी होंगे। जो कांठोस के लिए और जोश के साथ काम करेंगे। उन्होंने जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी और मंडल कार्यकारिणी का गठन तो नेताओं से चर्चा करने के बाद किया जाए। लेकिन यदि कोई पदाधिकारी लगातार बैठकों से अनुपस्थित रहता है। तो फिर उसे लेकर संगठन के नियम बनाया जाए। ताकि उसे तुरंत पदमुक्त किया जाए। इससे ना केवल पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियां समझेंगे। बल्कि पदाधिकारी के सक्रिय ना होने पर दूसरे कार्यकर्ताओं का मौका मिलेगा। सुंडा ने अपने सुझावों में यह भी कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी की टिकटों को राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व तय करें। लेकिन पंचायतराज और स्थानीय निकाय की टिकटों में संगठन को प्रभावी भूमिका में रखना चाहिए। सुंडा ने बताया कि इस बैठक में खड़गे और गांधी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए काफी महत्वपूर्ण बातें बताई है।

डी.वाई.एफ.आई. ने किया नगर परिषद में प्रदर्शन

झुंझुनूं, । शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा नगर कमेटी झुंझुनूं ने जिला महासचिव योगेश कटारिया के नेतृत्व मे नगर परिषद आयुक्त झुंझुनूं को दिया ज्ञापन व प्रदर्शन किया। नगर महासचिव सोहेल बहलिवान ने बताया कि डीवाईएफआई नगर कमेटी झुंझुनूं ने पांच सूत्री मांगों को लेकर नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन दिया और नगर परिषद पर प्रदर्शन किया। जिसमें हमारी प्रमुख मांग है कि शहरवासियों को स्वछ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। वर्तमान में शहर में सप्लाई किया जा रहा। नहर का पानी पीने योग्य नहीं है। इस पानी से त्वचा संबंधी एवं विभिन्न अन्य बीमारियां पनप रही है। जिस शहरवासी पीड़ित है। इसके अलावा शहर के अंदर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तुरंत प्रभाव से बदला जाए और जहां पर जरूरत हो वहां नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। डीवाईएफआई नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान ने बताया कि शहर में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है। आवारा पशु शहर के मुख्य मार्गों के बीचों बीच घूमते हैं और बैठे रहते हैं। यह पशु वाहन चालकों पर और राह चलते लोगों पर अचानक से हमला बोल देते हैं। जिसके कारण पूर्व में टैक्सी चालक की जान भी चली गई थी। इसकी बावजूद भी नगर परिषद प्रशासन ने आज तक इन आवारा पशुओं की सुध नहीं ली है। आवारा पशुओं के आतंक से शहरवासियों निजात दिलाई जाए। इसके अलावा शहर के अंदर साफ सफाई की उचित व्यवस्था कर बायो मेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक निस्तारण किया जाए। डीवाईएफआई की उक्त मांगों को समय रहते नहीं माना जाता है तो डीवाईएफआई द्वारा शहरवासियों को साथ लेकर भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिला महासचिव योगेश कटारिया, माकपा जाबिद इत्यादि मौजूद रहे।

कलेक्टर को दिया ज्ञापन

झुंझुनूं, । देरवाला पंचायत के गांव रघुनाथपुरा उर्फ बिजे नाई का बास के लोगों ने उनके गांव को नगर परिषद में शामिल करने के विरोध में कलेक्टर को स्वायत्त शासन मंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

गांव के संदीप रोहिला ने बताया गांव की दूरी मुख्यालय से ज्यादा होने के कारण गांव का विकास अवरूद्ध हो जाएगा व गांव की आधी भूमि राजस्व ठाम देरवाला में होने के कारण बहुत सी समस्याएं आएंगी। गांव वालों ने बताया कि अगर हमारी बात नहीं मानी जाती हैं तो हम आगे आने वाले चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे व उठा आंदोलन करना पड़ेगा तो वो भी करेंगे। गांव वालों ने गांव को अभी ठाम पंचायत देरवाला में ही रखने की मांग रखी। कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद ठामवासियों ने स्थानीय विधायक राजेंद्र भांबू के पास पहुंचे। जिस पर विधायक राजेंद्र भांबू ने इस बारे में उच्च स्तर पर बात करने की बात कही। ठामीणों ने बताया कि हम जल्द ही इस मामले में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मिलेंगे। फिर भी बात नहीं मानी गई तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर अपनी बात रखेंगे। इस मौके पर रामनिवास, सुरेश, राकेश, अनिल बेनीवाल, रामनिवास, मनमोहन, मुकेश हर्षवाल, रामावतार, भरतसिंह, संदीप रोहिला, राजेंद्र पूनियां, इंद्रपाल सिहाग, प्रदीप व अन्य ठामीण मौजूद थे।

विद्युतकर्मी सोमवार को करेंगे प्रदर्शन

- अंधाधुंध निजीकरण के विरोध

झुंझुनूं, । विद्युत निगमों में एचएएम, आईएनवीआईटी तथा जेवी के विभिन्न मॉडल के नाम पर हो रहे अंधाधुंध निजीकरण के विरोध में राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युत कर्मी वृत्त स्तर पर विशाल धरना प्रदर्शन कर अधीक्षण अभियंता के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा राजस्थान सरकार को तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के लिए संयुक्त संघर्ष समिति झुंझुनूं के संयोजक सुरेश कुमार शर्मा ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर विस्तृत यूनियन कार्यालय में समिति की बैठक रखी। जिसमें सभी प्रतिभागी संगठन के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा संयुक्त रूप से निजीकरण का विरोध कर निजीकरण बंद करने तथा नई भर्ती की मांग के लिए सरकार पर दबाव बनाने बाबत प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को पुरजोर ताकत के साथ करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक के दौरान देवकरण सैनी, वीरेंद्र सिंह तंवर, सुरेश कुमार शर्मा, मूलचंद महला, सुनिल ईसरवाल, गंगाधर ढाका, जितेंद्र, गुड्डूराम सैनी गुरुदयाल तथा श्रीराम इत्यादि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर

सर्किट हाउस के पास जयपुर रोड़, सीकर-332001
ई-मेल uit.sikar@rajasthan.gov.in, 01572-245057

क्रमांकः- न.वि.न्या.सीकर/राजस्व/2025 दिनांकः 02.04.2025

आपत्ति आमंत्रण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर विकास न्यास, सीकर द्वारा प्रशासन शहरो के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत जारी शिथिलताओं के अन्तर्गत कृषि भूमि पर बसी योजनाओं का स्वःप्रेरणा से 90क की कार्यवाही कर ले-आउट प्लान तैयार किये गये है। निम्नलिखित आवेदकों द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा विलेख चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक क नाम सम्मुख नाप में व.ग. का अर्थ वर्गगज से है एवं आ. का अर्थ आवासीय है।

क.सं.	ऑनलाइन आवेदन क्रमांक	आ वेदक का नाम व पता	खसरा नं.	राजस्व ग्राम	आवेदित क्षैत्रफल	प्रचलित योजना का नाम	प्रचलित योजना में भूखण्ड संख्या	प्रयोजन
1.	LD/SIK/ 2024-25/195653	भंवरलाल दानोदिया पुत्र बक्साराम जाति बलाई निवासी वार्ड नम्बर 46, अम्बेडकर नगर, फतेहपुर रोड़ सीकर तहसील व जिला सीकर		समर्थपुरा	239.16 वर्गगज	ज्योतिबा फूले सर्किल क पास,		आवासीय
2.	LD/SIK/ 2024-25/195659	सिणगारी देवी पत्नी भंवरलाल दानोदिया जाति बलाई निवासी वार्ड नं. 46, अम्बेडकर नगर, फतेहपुर रोड़ सकर तहसील व जिला सीकर		समर्थपुरा	216.27 वर्गगज	गैत्तम विहार सैक्टर द्वितिय		आवासीय
3.	LD/SIK/ 2024-25/209110	बलवीर सिंह पुत्र रामलाल गीला, जाति जाट निवासी भवानीपुरा, दूधवा तहसील दांतारामगढ जिला सीकर	427	गोकुलपुरा	179.16 वर्गगज	स्यानण विहार कॉलोनी फजे-2	05	आवासीय
4.	LD/SIK/ 2024-25/209189	प्रमोद कुमारी पत्नी विकास चलका जाति जाट निवासीनी ग्राम खीवासर, तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर	852/228	कुड़ली		महाराजा सुरजमल आवासीय यो जना फैज -5	Y-8	आवासीय
5.	LD/SIK/ 2024-25/209523	1. शंकरलाल पुत्र दानाराम 2. सरदार सिंह पुत्र दानाराम समस्त जाति जाट निवासीगण ग्राम धीरजपुर पोस्ट दूधवा तसहील दांतारामगढ जिला सीकर	736/482	समर्थपुरा	161.25 वर्गगज	न्यू दुर्गा आवासीय यो जना	B-11	आवासीय
6.	LD/SIK/ 2024-25/209640	झुमा देवी पत्नी जगदीस प्रसाद प्लाट नं. 339 ए विनायक नगर कॉसोनी ग्राम जगमालपुरा नवलगढ रोड़ तहसील सीकर जिला सीकर	773	जगमालपुरा	88.88 वर्गगज	विनायक नगर कालोनी आवासीय	339-A	आवासीय
7.	LD/SIK/ 2024-25/210458	पुष्पेन्द्र सैनी पुत्र करणीराम सैनी जाति माली निवासी सुमेर नगर, एक्सटेन्सन मानसरोवर जयपुर जिला जयपुर	306/37	दासा की ढाणी	145.00 वर्गगज	ग्रीन पार्क कॉलोनी,	62	आवासीय
8.	LD/SIK/ 2024-25/210991	चन्द्रसिंह पुत्र बेगाराम धायल, जाति जाट, निवासी धायल की ढ़ाणी, (गुँगारा) तहसील व जिला सीकर	240	घोराणा	200.00 वर्गगज	महाराजा सूरजमल आवासीय यो जना-1	81	आवासीय
9.	LD/SIK/ 2024-25/210992	चन्द्रसिंह पुत्र बेगाराम धायल, जाति जाट, निवासी धायल की ढ़ाणी, (गुँगारा) तहसील व जिला सीकर	240	घोराणा	200.00 वर्गगज	महाराजा सूरजमल आवासीय यो जना-1		आवासीय
10.	LD/SIK/ 2024-25/211252	विधाधर सिंह पुत्र सांवर राम जाति जाट निवासी वार्ड नं.-41 शेखावाटी स्कूल, पिपराली रोड़, सीकर तहसील व जिला सीकर	759/469	समर्थपुरा	176.62 वर्गमीटर	महात्मा ज्योतिबा फूले नगर आवासीय	51	आवासीय
11.	LD/SIK/ 2024-25/211573	ग्यारसीलाल पुत्र छोटूराम निवासी वार्ड नम्बर 42 विनायक नगर नवलगढ़ रोड़, सीकर तहसील व जिला सीकर	778	जगमालपुरा	266.66 वर्गगज	विनायक नगर	218	आवासीय
12.	LD/SIK/ 2024-25/212131	सुनीता देवी पत्नी पवन कुमार महरिया निवासी वार्ड न 39, पिपराली रोड़, रॉयल धर्म कांटा के सामने, सीकर तहसील व जिला सीकर	775/244	समर्थपुरा	150 वर्गगज	सैनी वाटिका	08	आवासीय
13.	LD/SIK/ 2024-25/212399	प्रियंका पत्नी राजेन्द्र प्रसाद निवासी आबूसर तहसील व जिला झूंझूनूं	1643/32	किशनपुरा	167.50 वर्गगज	अंजनी विहार आवासीय योजना	के-24	आवासीय
14.	LD/SIK/ 2024-25/213006	राकेश कुमार पुत्र बनवारी लाल, जाति जाट निवासी विकास कॉलोनी वार्ड नं. 30, पिपराली रोड़ तहसील व जिला सीकर			वर्गगज	बाईपास चौराहा से अन्दर की और	भाग	
15.	LD/SIK/ 2024-25/213857	अर्जुन लाल पुत्र भंवर लाल, जाति जाट निवासी भीमा से पीथजी ढ़ाणी मार्ग, वार्ड नं. 5, भीमा तहसील व जिला दॉतारामगढ़ जिला सीकर	1592	सीकर	226.66 वर्गगज	सनराईज सिटी फैज-I&II	01	आवासीय
16.	LD/SIK/ 2024-25/214209	मधुपंत पत्नी दिनेशचन्द्र पंत निवासी बभूता बास वार्ड नं. 06, राजलदेसर जिला सीकर चुरू	2016/1586 2019/1587	सीकर	183.88 वर्गगज	सनराईज सिटी आवासीय यो जना	67 & 66 Ka Part	आवासीय
17.	LD/SIK/ 2024-25/214217	आकाश बिजारनियां पुत्र ओम प्रकाश बिजारनिया जाति जाट निवासी ग्राम चन्द्रपुरा जिला सीकर	850	बजाजग्राम सांवली	256.02 वर्गगज	बजाजग्राम सांवली		आवासीय
18.	LD/SIK/ 2024-25/214326	रामनिवास पुत्र प्रकाश चन्द्र जाति जाट निवासी शिव कॉलोनी, नवलगढ़ रोड़ सीकर	894/804	जगमालपुरा	200.00 वर्गगज	शिव कॉलोनी	33	आवासीय
19.	LD/SIK/ 2024-25/214328	सुमित्रा पत्नी भीम सिंह निवासी बड़ी ढाणी, ग्राम गढकनेत, तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर	894/804	जगमालपुरा	200.00 वर्गगज	शिव कॉलोनी	35	आवासीय
20.	LD/SIK/ 2024-25/214434	अशोक कुमार पुत्र रामकुमार जाति जाट, निवासी नांगली तहसील व जिला सीकर	900/1092 901,903, 904/1090, 904/1091, 899,900, 902	राधाकिशनपुरा	174.22 वर्गगज	स्मार्ट सिटी और जागृति विहार	44	आवासीय
21.	LD/SIK/ 2024-25/214444	सन्जु देवी पत्नी राजेश कुमार, जाति जाट, निवासी तुर्काणी जोहड़ी शेषमा की ढ़ाणी ग्राम खिरोड़ तहसील नवलगढ़ जिला झून्झूनूं	816, 1571/818, 1570/818	नानी	193.75 वर्गगज	गणेश वाटिका	24	आवासीय
22.	LD/SIK/ 2024-25/214714	सिरू कंवर पत्नी धनश्याम सिंह जाति राजपुत निवासी कोटडी राजपूतान ग्राम रलावता तहसील दांतारामगढ जिला सीकर	850	बजाज ग्राम सांवली	200.00 वर्गगज	चित्रकूट कॉलोनी		आवासीय
23.	LD/SIK/ 2024-25/215362	कविता देवी पत्नी कमल कुमार जांगिड़ जाति जांगिड़ निवासी मौहल्ला शेखपुरा वार्ड नं0 34 सीकर तहसील व जिला सीकर	280	चन्दपुरा	222.22 वर्गगज	विनायक वाटिका	A-54	आवासीय
24.	LD/SIK/ 2024-25/215550	नेमीचन्द गढवाल पुत्र झाबरमल गढवाल जाति जाट निवासी श्यामपुरा पूर्वी वाया रानोली तहसील दातांरामगढ जिला सीकर	285, 285/970	चन्दपुरा	250.00 वर्गगज	विनायक वाटिका	B-163	आवासीय
25.	LD/SIK/ 2024-25/215655	जगदीश प्रसाद पुत्र गिरधारीलाल, जाति जाट निवासी सुण्डा की ढ़ाणी, तन चकमिटाई, तहसील दांतारामगढ़ जिला सीकर	852	बजाज ग्राम	111.11 वर्गगज	चित्रकूट स्कीम	87 का उत्तरी भाग	आवासीय
26.	LD/SIK/ 2025-26/215876	दिलीप कुमार बिदावतका एच0यू0एफ0 जरिये कर्ता श्री दिलीप कुमार बिदावतका पुत्र श्यामलाल विदावतका निवासी गोपीनाथजी के मन्दिर के पास, सुभाष चौक, सीकर	2016/1586 2019/1587	सीकर	222.22 वर्गगज	सनराईज सिटी आवासीय यो जना	13	आवासीय
27.	LD/SIK/ 2025-26/215880	1. घासीराम ढ़ाका पुत्र हणमानाराम, जाति जाट, निवासी पुनियां की ढ़ाणी, पोस्ट भगोरा, जिला झुन्नुनूं 2. महावरी प्रसाद पुनिया पुत्र देवाराम जाति जाट, निवासी पूनियां का बास, बादीसर जिला सीकर	782	जगमालपुरा	266.66 वर्गगज	विनायक वाटिका	88	आवासीय
28.	LD/SIK/ 2025-26/215932	महावीर प्रसाद पुत्र डुँगाराम, जाति जॉगिड़, निवासी प्लॉट संख्या-48, साकेत स्मार्ट सिटी, तहसील व जिला सीकर	1647/32 1646/32	राधा किशनपुरा	233.33 वर्गगज	अंजनी विहार आवासीय यो	B-9	आवासीय

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आवेदकों के दावों पर आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षारकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार/सुनवाई नहीं की जायेगीं। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

(जगदीश प्रसाद गौड़)
सचिव
नगर विकास न्यास सीकर